# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com


पत्रांक : 3294 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2025 दिनांक : 05 जुलाई, 2025

<u>अनिवार्य / अतिआवश्यक</u>

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर।

विषय : **सत्र 2025–26 में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के समस्त छात्र / छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं डाटा अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

सत्र 2025–26 में प्रवेश लेने वाले स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के समस्त छात्र / छात्राओं का रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर कराये जाने एवं अन्य डाटा अपलोड करने में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु **मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में प्राचार्य / प्रभारी / तकनीकी सहायक समर्थ के साथ दिनांक 08 जुलाई, 2025 को अपरान्ह 12.30बजे एक आनलाइन बैठक आहूत की गयी है। बैठक में प्रो0 मिथिलेश सिंह, गणित विभाग, नोडल अधिकारी, समर्थ एवं अन्य सदस्यगण द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण एवं शंका समाधान भी किया जायेगा।**

अतः आप सभी से अनुरोध है कि कृपया ससमय आनलाइन बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। बैठक का लिंक पृथक से **Whats app Group** में प्रेषित किया जायेगा।

**भवदीय,**

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. वित्तअधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक ।
2. प्रो0 मिथिलेश सिंह, गणित विभाग, नोडल अधिकारी, समर्थ रजिस्ट्रेशन पोर्टल को इस आशय से कि बैठक का लिंक क्रिएट कर व्हॉटस ऐप ग्रुप में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।
3. नोडल अधिकारी, समर्थ एवं इस हेतु नामित अन्य सदस्यगण को सूचनार्थ एवं बैठक में प्रतिभाग किये जाने हेतु।
4. समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

**कुलसचिव**